# 6.8.17 की अव्यक्त वाणी पर कविता (बी.के. अरविंद भाई)

## – रिवाइज अव्यक्त वाणी 2.5.1982 –

बापदादा देखें हर बच्चे की जीवन कहानी,
कोई चढ़कर उतर रहे और कोई उतर फिर चढ़ते हैं
पर ऐसे भी बच्चे हैं जो सदा एकरस चलते हैं
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

कोई चढ़कर उतरते हैं, फिर चढ़ने की कोशिश करते हैं
इस चढ़ने और उतरने के अनुभव को सदा साथ लिये चलते हैं
ऐसी लीला जो करते वह सदा एकरस नहीं रह सकते हैं
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

बहुतकाल की चढ़ती कला, प्राप्ति कराये बहुकाल की
सहजयोगी जीवन बन जाती, सदा अनुभूति करता प्रभु के समीप और साथ की
सर्व शक्तियों से सम्पन्न, जीवन बनती ऐसी शान की
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

जो सर्वशक्तियों के बल पर विघ्नों को अपना दास बनायें
हर आने वाले पेपर में फुल पास होकर दिखलायें
विघ्न विनाशक बनकर जो रहते नूरानी शान में
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

उतरने की परिस्थितियां व परीक्षायें सबके सामने आती हैं
बिना परीक्षा के तो कोई पास नहीं हो सकता है
क्योंकि परीक्षाओं का आना ही इस जीवन की निशानी है
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

सभी विशेषताओं और प्राप्तियों से सम्पन्न ऐसा जीवन श्रेष्ठ बनाओ
अभी अभी ऊपर अभी अभी नीचे, कुछ पल ऊपर कुछ पल नीचे, ऐसा ना अब खेल दिखाओ
सदा एकरस होकर चलना तभी मिलेगा दिलतख्त रूहानी
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

बड़ी परीक्षा को छोटा करना या छोटी को बड़ा बनाना
सिमरण, वर्णन के द्वारा वातावरण में फैलाना
चेकिंग और चेंज की विधि से कमजोरी को फुलस्टॉप लगाते हैं
फुलस्टॉप लगाकर फुल स्टॉक जमा जो करते हैं
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

प्रेरित कर उत्साह बढ़ायें, हिम्मत दिलायें आगे बढ़ने की
स्पष्ट अनुभव करायें जो उस मंजिल को पाने की
विशेषताओं से सम्पन्न हो ऐसी आपकी जीवन रूहानी
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

चाहे विदेश के हों फरिश्ते या मधुबन के होलीहंस
गैलरी से देखने वालों को भी बापदादा करते सदा प्रसन्न
इसी को ही तो कहा जाता है प्रभु की मेहरबानी
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारी बनकर कोई प्रत्यक्षफल खाते हैं
पर ऐसे भी बच्चे देखें जो मेहनत का फल खाते हैं
एक बाप के बच्चे फिर भी मेहनत करनी पड़ती है!
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

इस ब्राह्मण जीवन में नहीं है मेहनत की कोई बात,
क्योंकि हिम्मत और दृढ़ संकल्प की चाबी है तुम्हारे पास,
इस चाबी को अमल में लाओ तो बन जायेगी जीवन सुहानी
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

जो मेहनत का फल खाते हैं वह क्षत्रिय बन जाते हैं
पूछो जब भी खुशखबरी, हर बात सुनाते मुश्किल की
वह एक बात मिटाते तो दूसरे को पाते सामने खड़ी
बस यही सिलसिला है उनकी जिन्दगानी की
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

जो स्नेही सहयोगी के साथ शक्तिरूप बन जाते हैं
विघ्न बाधायें उनके आगे खेल खिलौने लगते हैं
तख्त से नीचे लाने वाली है ही माया की कोई बात
जो विघ्न विनाशक रहते वह बन जाते हैं दिलतख्तनशीन
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी

एक बाप दूसरा न कोई जो ऐसा तिलक लगाता है
महावीर बन एक बाप को सदा दिल में बसाता है
उसे सुख-शान्ति, आनन्द, प्रेम की सदा प्राप्तियां हो जाती
बापदादा देखें ऐसे बच्चों की जीवन कहानी